समाचार

एस.डी.एम., अपर आयुक्त ने किया निचली बस्तियों का भ्रमण
(जलभराव व पानी की निकासी का किया निरीक्षण)

कोरबा 28 अगस्त 2020 –कोरबा में लगातार हो रही बारिश से नदी किनारे बसी व निचली बस्तियों में जलभराव आदि की समस्या तो नहीं है, पानी की समुचित निकासी हो रही है, इसका निरीक्षण करने हेतु आज एस.डी.एम. श्री सुनील नायक एवं अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया, उनके द्वारा वार्ड क्र. 05 धनुवारपारा, वार्ड क्र. 08 कुम्हार मोहल्ला सीतामणी सहित अन्य निचली बस्तियों का भ्रमण कर पानी निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। उन्होने निगम के जोन कमिश्नर व संबंधित अधिकारियों को स्थिति पर निरंतर नजर रखने, अपने–अपने क्षेत्रों में जलभराव व पानी निकासी आदि की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होने कहा कि जहां कहीं भी जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है, वहां पर पानी की त्वरित निकासी के संबंध में सभी आवश्यक कदम उठाएं तथा इस हेतु निगम अमले तथा आवश्यक संसाधनों को तैयार रखें। भ्रमण के दौरान जोन कमिश्नर श्री एम.के. वर्मा, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर आदि के साथ जोन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।